# मुहावरा / लोकोक्तियाँ

1. माथा ठनकना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) भयभीत हो जाना

( B ) घबरा जाना

( C ) हिम्मत आ जाना

( D ) अनिष्ट की आशंका होना

2. रंग जाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रेम होना
( B ) पूरी तरह प्रभावित होना
( C ) संगति का बुरा असर होना
( D ) इनमें से कोई नहीं

3. रंगा सियार होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) मित्र होना
( B ) स्वार्थी होना
( C ) धूर्त होना
( D ) बातूनी होना

4. लोहे के चने चबाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सुदृढ़ बनाना
( B ) कठिनाई में फंसना
( C ) कठिन परिश्रम करना
( D ) अधीनता स्वीकार करना

5. लकीर की फकीर होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बड़ों की आज्ञा मानना
( B ) सीधी राह पर चलना
( C ) किसी की बात न सुनना
( D ) पुराने रीति-रिवाजों में जकड़ा है

6. लाल-पीला होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) मुद्राएँ बनाना
( B ) क्रोध करना
( C ) तेवर बदलना
( D ) रंग बदलना

7. शीशे में उतारना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) वश में करना
( B ) षड्यन्त्र रचना
( C ) पराधीन होना
( D ) विभीषण बनना

8. शेर के दाँत गिनना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) भयभीत होना
( B ) साहस का कार्य करना
( C ) मरने से न डरना
( D ) मृत्यु को ललकारना

9. श्री गणेश करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) आरम्भ करना
( B ) मिट्टी में मिलाना
( C ) समारोह का खुशी-खुशी अन्त करना
( D ) इनमें से कोई नहीं

10. सुबह शाम करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) समय व्यतीत करना
( B ) आवारगर्दी करना
( C ) टाल-मटोल करना
( D ) दिन-रात काम करना

11. सोने पे सुहागा मुहावरा का अर्थ है-

( A ) निरा मुर्ख
( B ) अच्छे पर अच्छा
( C ) बुरा समय आना
( D ) इनमें से कोई नहीं

12. समुद्र मन्थन करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) घोर तप करना
( B ) दृढ़ प्रतिज्ञा करना
<u>( C ) उद्देश्य को प्राप्त करना</u>
( D ) कठोर परिश्रम करना

13. भीष्म प्रतिज्ञा मुहावरा का अर्थ है-

( A ) दिखाने मात्र की प्रतिज्ञा
( B ) कठोर प्रतिज्ञा
<u>( C ) दृढ प्रतिज्ञा</u>
( D ) इनमें से कोई नहीं

14. सिर ऊँचा होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) घमण्ड होना
( B ) विरोध करना
<u>( C ) सम्मान में वृद्धि होना</u>
( D ) स्वावलम्बी होना

15. सीधे मुंह बात न करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) नाराज होना
( B ) हार मानना
( C ) फटकार सुनाना
<u>( D ) घमण्ड करना</u>

16. सिर हथेली पर रखना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) वीरता का प्रदर्शन करना
( B ) पराजय स्वीकार कर लेना
<u>( C ) मरने के लिए तैयार होना</u>
( D ) अहं का विसर्जन करना

17. सिर पर कफन बांधना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) जीवन से निराश होना
( B ) कठिनाइयों का डटकर सामना
<u>( C ) मरने को तत्पर होना</u>
( D ) इनमें से कोई नहीं

18. हाथ जोड़ देना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रार्थना करना
( B ) प्रणाम करना
<u>( C ) हार मान लेना</u>
( D ) टाल देना

19. हुक्का भरना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत लज्जित होना
( B ) गुलामी करना
( C ) आज्ञा मानना
<u>( D ) सेवा करना</u>

20. हाथ मलना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) माँग करना
<u>( B ) पछताना</u>
( C ) पीछे रह जाना
( D ) दुःखी होना

21. हथिचार डाल देना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) जीत जाना
<u>( B ) हार मान लेना</u>
( C ) धोखा खा जाना
( D ) धोखा देकर ठग लेना

22. हजामत बनाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत मारना
( B ) मुर्ख बनाकर ठगना
( C ) सबक सिखाना
( D ) नुकसान पहुंचाना

23. हाथ-पांव फूल जाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) चलते जाना
( B ) घबरा जाना
( C ) थक जाना
( D ) कड़ी मेहनत करना

24. हाथ माँजना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कुशल होना
( B ) पश्चाताप करना
( C ) अभ्यास करना
( D ) बाजी लगाना

25. आँख का तारा होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रिय होना
( B ) अप्रिय होना
( C ) आँखों से दूर जाना
( D ) समीप आना

26. दूज का चाँद होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्यारा होना
( B ) बहुत दिन पर दिखाई देना
( C ) सुन्दर होना
( D ) प्रेम करना

27. जान हथेली पर रखना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) जान देना
( B ) जान की परवाह न करना
( C ) मर जाना
( D ) जिंदा हो जाना

28. आस्तीन का सांप होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) साँप खोजना
( B ) घर में छिपा शत्रु
( C ) शत्रुता करना
( D ) दोस्ती करना

29. कान देना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सावधान होना
( B ) प्रतीक्षा करना
( C ) ध्यान देना
( D ) बहकाना

30. घी के दीये जलाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) रोशनी करना
( B ) मन चंचल होना
( C ) आनन्द मनाना
( D ) दिवाली मनाना

31. दाँत-काटी रोटी होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) मित्रता होना
( B ) शत्रुता होना
( C ) दाँत-रोटी का संबंध होना
( D ) इनमें से कोई नहीं

32. एक आँख से देखना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) दूर तक देखना
( B ) निशाना लगाना
( C ) समान रूप से देखना
( D ) घृणा करना

33. गाल बजाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) रोना
( B ) व्यर्थ में हाँकना ( डींग हाँकना )
( C ) झूठ बोलना
( D ) हँसना

34. गले मढ़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सुन्दर दिखना
( B ) तारीफ करना
( C ) आरोप लगाना
( D ) प्रलाप करना

35. अंगूठा चूमना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) इन्कार करना
( B ) तिरस्कार करना
( C ) नासमझी दिखाना
( D ) खुशामद करना

36. अंगारों पर लोटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) खतरनाक कार्य करना
( B ) दु : ख सहना
( C ) आग से खेलना
( D ) दूसरों को दु : खी करना

37. अंधे की लकड़ी मुहावरा का अर्थ है-

( A ) गवार व्यक्ति
( B ) अनपढ़ व्यक्ति
( C ) एकमात्र सहारा
( D ) बिल्कुल असमर्थ होना

38. अंग-अंग फूले न समाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) ईर्ष्या करना
( B ) बहुत धनी होना
( C ) आनन्दविभोर होना
( D ) बहुत थक जाना

39. अपना रंग जमाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रभावित करना
( B ) उपेक्षा करना
( C ) शेखी बघारना
( D ) किसी की बात न सुनना

40. अंगार उगलना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) आग लगाना
( B ) भयंकर गर्मी
( C ) गाली देना
( D ) कठोर वचन कहना

41. अंगूठा दिखाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) देने से इन्कार करना
( B ) अपमान करना
( C ) हँसी उड़ाना
( D ) धोखा देना

42. अंगार बरसना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) कड़ी धूप होना</u> ( B ) सूखा पड़ना

( C ) भयंकर क्रोध करना ( D ) मुसीबत आना

43. अगर-मगर करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) इधर की बात उधर करना ( B ) कपट करना

( C ) व्यर्थ समय गँवाना <u>( D ) बहाने बनाना</u>

44. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अनाड़ीपन करना ( B ) आत्महत्या करना

<u>( C ) स्वयं अपने को हानि पहुँचाना</u> ( D ) उपकार न मानना

45. अबल का पुतला मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) बहुत बुद्धिमान</u> ( B ) बहुत चतुर

( C ) अत्यन्त धूर्त ( D ) अत्यन्त मूर्ख

46. अंग - अंग बीना होना ' मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अस्वस्थ होना ( B ) बहुत भार खाना

<u>( C ) बहुत थकना</u> ( D ) आर्थिक स्थिति कमजोर होना

47. अक्ल पर पत्थर पड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रतिभावान होना ( B ) बुद्धिमान होना

<u>( C ) बुद्धि प्रष्ट होना</u> ( D ) मूर्ख होना

48. अंक भरना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) दिल पसीजना ( B ) डूब जाना

( C ) शाबाशी देना <u>( D ) स्नेह करना</u>

49. अक्ल का दुश्मन मुहावरा का अर्थ है-

( A ) मित्र ( B ) शत्रु

( C ) महापडित <u>( D ) महामूर्ख</u>

50. आगा-पीछा करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) चापलूसी करना ( B ) उलट-फेर करना

<u>( C ) हिचकना</u> ( D ) दुविधा में पड़ना

51. आठ-आठ आँसू रोना 'मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रियतम की मृत्यु पर रोना ( B ) दारुण कष्ट में पड़ना

<u>( C ) बुरी तरह पछताना</u> ( D ) बिलख - बिलख कर रोना

52. आग में घी डालना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) शुभ अवसर पर अड़चन पड़ना ( B ) यज्ञ करना

<u>( C ) किसों के क्रोध को भड़काना</u> ( D ) मूल्यवान वस्तु को नष्ट करना

53. आँखें बिछाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रेम होना ( B ) झिड़की देना

<u>( C ) प्रतीक्षा करना</u> ( D ) आदर-सत्कार करना

54. आँख लगना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) आशंका होना ( B ) मृत्यु होना

<u>( C ) नींद आना</u> ( D ) प्रेम होना

55. आँखों में धूल झोंकना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) धोखा देना</u> ( B ) हाथ की सफाई दिखाना

( C ) नज़रों से ओझल हो जाना ( D ) गैर-कानूनी कार्य करना

56. ईमान बेचना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) धोखा देना ( B ) गलत काम करना

( C ) याराना तोड़ना <u>( D ) अपने कर्तव्य से हट जाना</u>

57. इंद का चाँद होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) खुशियाँ मनाना ( B ) बहुत सुन्दर होना

<u>( C ) बहुत दिनों बाद दिखाई पड़ना</u> ( D ) काम करना

58. इंट से ईंट बजाना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) नष्ट करना</u> ( B ) पराजित करना

( C ) पिटाई करना ( D ) मुकाबला करना

59. उल्टी बहाना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) परम्पराओं के विपरीत कार्य करना</u>

( B ) अपनी बात से स्वयं को ही नुकसान पहुँचाना

( C ) निश्चित चाल के विपरीत कार्य करना

( D ) बिना सोचे - विचारे कार्य करना

60. उगल देना ' मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) सच बोलना</u> ( B ) क्रोध करना

( C ) उल्टी करना ( D ) भला - बुरा कहना

61. एड़ी - चोटी का पसीना एक करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सर्वस्व नष्ट कर देना | ( B ) घोर परिश्रम करना
( C ) भरसक प्रयत्न करना | ( D ) परिश्रम करने पर भी सफलर

62. काठ का उल्लू मुहावरा का अर्थ है-

( A ) निर्जीव | ( B ) गुणवान
( C ) मूर्ख | ( D ) अत्यधिक सरल

63. कान कतरना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) किसी बात से चौकना | ( B ) चुगली करना
( C ) हानि पहुँचाना | ( D ) धोखा / चकमा देना

64. कान भरना मुहावरा का अर्थ-

( A ) प्रेरित करना | ( B ) हिम्मत बंधाना
( C ) हतोत्साहित करना | ( D ) गुपचुप निन्दा करना

65. कान खड़े होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) विपत्ति को पहचानना | ( B ) सचेत होना
( C ) भूल का आभास होना | ( D ) चालाकी करता

66. कमर टूटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अपंग होना | ( B ) निराश्रय होना
( C ) निरुत्साह देना | ( D ) आर्थिक स्थिति खराब होना

67. कान फूंकना ' मुहावरा का अर्थ है-

( A ) चौकन्ना करना | ( B ) चुगली करना
( C ) जादू-टोना करना | ( D ) दीक्षित करना

68. कान पकड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अनादर करना | ( B ) गलती ढूँढ लेना
( C ) भूल स्वीकार करना | ( D ) दोषी ठहराना

69. कलेजो मुंह को आना महावरा का अर्थ है-

( A ) हृदय काँपने लगना | ( B ) डर जाना
( C ) अधिक चोट लगना | ( D ) घबरा जाना

70. कंधा लगाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) लाश ले जाना | ( B ) सहारा देना
( C ) हिम्मत दिलाना | ( D ) काम निकालना

71. कमर कसना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सतर्क रहना

( B ) दण्डित करना

( C ) दृढ निश्चय कर लेना

( D ) मेहनत करना

72. कन्नी काटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहकाना

( B ) अहित सोचना

( C ) बचकर निकल जाना

( D ) बात का विरोध करना

73. काठ होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सचेत होना

( B ) स्तब्ध होना

( C ) मूर्ख होना

( D ) निश्चेष्ट होना

74. खोपड़ी खाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) उपाय सोचना

( B ) व्यर्थ बातें करके परेशान करन

( C ) दोषारोपण करना

( D ) इनमें से कोई नहीं

75. खाक छानना मुहावरा काअर्थ है-

( A ) व्यर्थ प्रयत्ल करना

( B ) समय गवाना

( C ) व्यर्थ की बातें करना

( D ) मामले की सूक्ष्म जाँच करना

76. खून खौलना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) तेज बुखार होना

( B ) प्रेरित होना

( C ) घबराहट होना

( D ) क्रोध से लाल - पीना होना

77. गूलर का पूल होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कभी - कभी दिखाई देना

( B ) स्पष्ट दिखाई देना

( C ) कभी भी दिखाई न देना

( D ) व्यर्थ की बात करना

78. गीदड़ भभकी येना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) डींक हाँकना

( B ) झूठा डर दिखाना

( C ) बढ़ा-चढ़ाकर बताना

( D ) क्षमता से बाहर कार्य करना

79. गुड गोबर करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अच्छी चीज़ को बुरा कहना

( B ) मजा किरकिरा करना

( C ) अच्छा और बुरा मिलना

( D ) इनमें से कोई नहीं

80. गुदड़ी का लाल मुहावरा का अर्थ है-

( A ) निर्धन परिवार में धन का आना

( B ) निर्धन परिवार में गुणी का जन्म

( C ) निर्धन परिवार में बेटे का जन्म होना

( D ) धोखेबाज मित्र

81. गागर में सागर भरना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) सरस दोहों की रचना करना
( B ) मूर्खतापूर्ण काम करना
( C ) असम्भव काम करना
( D ) थोड़े शब्दों में अधिक कहना

82. गले पड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) आत्मप्रशंसा करना
( B ) अत्याचार करना
( C ) पीछे पड़ना
( D ) आफत मोल लेना

83. गोबर गणेश मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अनपढ़
( B ) निरा मुर्ख
( C ) धीमी गति से कार्य करने वाला
( D ) इनमें से कोई नहीं

84. घाट-बाट का पानी पीना' मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत अनुभवी होना
( B ) बहुत यात्रा करना
( C ) अनेक लोगों से मित्रता करना
( D ) रोजगार के नए-नए अवसर तलाश करना

85. घुटने टेक देना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) विवाह करना
( B ) याद रखना
( C ) हार मानना
( D ) कायर होना

86. घर बसाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) घर बनाना
( B ) घर में रहना
( C ) विवाह करना
( D ) मदद करना

87. चार के बाहर पैर पसारना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) आराम की नींद सोना
( B ) बढ़ा - चढ़ाकर बातें करना
( C ) आत्मप्रशंसा करना
( D ) क्षमता से अधिक व्यय करना

88. चुटकी लेना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) तुरन्त काम कर लेना
( B ) हँसी उड़ाना
( C ) संकेत को समझना
( D ) भीख समझना

89. चुल्लू पानी में डूबना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत अधिक हानि होना
( B ) बहुत अधिक दु : खी होला
( C ) बहुत अधिक लज्जित होना
( D ) बहुत अधिक निराश होना

90. छाती पर मूंग दलना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कठिन काम करना
( B ) बात-बात पर लड़ना
( C ) कर्जा वसूल करना
( D ) पास रहकर दु : ख देना

91. सांप लोटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रशंसा करना

<u>( B ) ईर्ष्या से हृदय जलना</u>

( C ) विश्वास दिलाना

( D ) ध्यान आकर्षित करना

92. छठी का दूध याद आना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) कठिनाई का अनुभव होना</u>

( B ) हार मानना

( C ) चकित रह जाना

( D ) भयभीत होना

93. छक्को उडाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) क्रिकेट के खेल का एक निवम

<u>( B ) हराना</u>

( C ) घायल करना

( D ) परेशान करना

94. जूती चाटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कंजूसी करना

( B ) गिड़गिड़ाना

( C ) क्षमा माँगना

<u>( D ) चापलूसी करना</u>

95. जमीन पर पैर न पड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) थक जाना

<u>( B ) अभिमानी होना</u>

( C ) नाजुक होना

( D ) कल्पनाशील होना

96. टस से मस न होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कठोर हृदयी होना

<u>( B ) अनुनय-विनय से न पसीजना</u>

( C ) जगह न बदलना

( D ) धैर्यपूर्वक सहन करना

97. टाँग अड़ाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बदनाम करना

( B ) बिना कारण लड़ना

( C ) गलत काम करना

<u>( D ) अवरोध पैदा करता</u>

98. टूट पड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रयाण करना

( B ) प्रस्थान करना

( C ) वृक्ष से फल का गिरना

<u>( D ) भारी संख्या में पहुँचना</u>

99. ठिकाने लगाना मुहावरा का अर्थ है-

<u>( A ) बिल्कुल समाप्त कर देना</u>

( B ) गन्तव्य तक पहुँचाना

( C ) छिपाकर रखना

( D ) समझा देना

100. तीर मारना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) युद्ध-कला में निपुण होना

( B ) शिकार करना

<u>( C ) बड़ा काम करना</u>

( D ) धन कमाना

101.तारे गिनना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) असम्भव कार्य करना
( B ) व्यग्रता से प्रतीक्षा करना
( C ) लम्बे समय तक कार्य करना
( D ) नींद न आना

102.तीन पाँच करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) वचन देकर फिरना
( B ) तितर-बितर होना
( C ) बहुत परेशान करना
( D ) घुमाव-फिराव की बातें करना

103.थाली का बैंगन मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अविश्वसनीय
( B ) सिद्धान्तहीन / अवसरवादी
( C ) विभिन्न मतों को मारने वाला
( D ) किसी बात का असर न होना

104.थूक कर चाटना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) घृणित काम करना
( B ) कहकर बदल जाना
( C ) इन्कार करना
( D ) असत्य भाषण करना

105.दाहिना हाथ मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत बड़ा और महत्त्वपूर्ण अंश
( B ) काम करने वाला व्यक्ति
( C ) अत्यन्त विश्वसनीय सहायक
( D ) मजबूत सहारा

106.दिल छोटा करना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) कृपण होना
( B ) सन्तप्त होना
( C ) अप्रसन्न होना
( D ) हतोत्साहित होना

107.दन्त खट्टे करना महावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत उपह पड़ना
( B ) मुंह का स्वाद बिगड़ना
( C ) पराजित करना
( D ) बेइज्जत करना

108.दूर की हाँकना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) दूर - दूर की यात्राएँ
( B ) बहकी-बहकी बातें करना
( C ) लम्बी-लम्बी कहानियाँ सुनाना
( D ) बढ-चढ कर बातें करना

109.दाँत पीस कर रह जाना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अत्यधिक ठंड लगना
( B ) हार मान लेना
( C ) क्रोध प्रकट करना
( D ) क्रोध को रोक लेना

110.नाक का बाल होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) अत्यधिक प्यारा होना
( B ) बहुत तंग करना
( C ) बहुत अप्रिय होना
( D ) इनमें से कोई नहीं

111.नकेल हाथ में होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) प्रतिनिधित्व करना

( B ) पूर्ण नियन्त्रण होना

( C ) कठिनाई होना

( D ) बाधा होना

112.निन्यानवे के फेर में पड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) धन कमाने में लगे रहना

( B ) मूर्खता के कार्य पर बैठना

( C ) किसी चक्कर में पड़ जाना

( D ) परिवार के झंझटों में फंसे रहना

113.न तीन में न तेरह में मुहावरा का अर्थ है-

( A ) बहुत उपयोगी होना

( B ) नष्ट कर देना

( C ) बुद्धिहीन होना

( D ) किसी काम का न होना

114.नाक-भौ सिकोड़ना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) ईर्ष्या करना

( B ) गुस्सा करना

( C ) नखरा करना

( D ) घृणा करना

115.नौ दो ग्यारह होना मुहावरा का अर्थ है-

( A ) मिलकर कार्य करना

( B ) धोखे में पड़ना

( C ) निशाना बन जाना

( D ) रफू - चक्कर होना